उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी (नैनीताल)
UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY, HALDWANI (NAINITAL)

पत्रांक: यू0ओ0यू0/परीक्षा/414(28)/2024/367 दिनांक 20/05/202

विश्वविद्यालय की ग्रीष्मकालीन परीक्षा सत्र जून-2024 से संबंधित परीक्षार्थियों हेतु बैक परीक्षा, सुधार परीक्षा, परीक्षा केन्द्र परिवर्तन एवं बैक सत्रीय कार्य आवेदन हेतु महत्तवपूर्ण सूचना के सबंध में।

1- वि0वि0 के परीक्षार्थियों के लिए (Back Examination form) बैक परीक्षा आवेदन **(लिखित परीक्षा, मौखिक परीक्षा, प्रयोगात्मक परीक्षा, परियोजना कार्य, क्षेत्रीय कार्य (Field work),लघु शोध व सत्रीय कार्य (Assignment)** एवं (Improvement Examination form) सुधार परीक्षा हेतु (केवल लिखित परीक्षा) आवेदन विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.uou.ac.in पर केवल ऑनलाइन (Online) प्रक्रिया से भरे जाने हेतु उपलब्ध है।

2- क्र0स0 01 के अनुसार बैक परीक्षा आवेदन व सुधार परीक्षा आवेदन जमा करने की तिथि निम्नवत है:

- प्रारम्भ तिथि - 21 मई 2024
- अन्तिम तिथि - 05 जून 2024 तक

3- विश्वविद्यालय वैबसाइट में परीक्षा केन्द्रों की सूची (शहरों के नाम एवं कोड सहित संलग्नक क्र0स0 01-3) जारी की जा रही है। परीक्षार्थी इनमें से कोई भी शहर परीक्षा हेतु चुन सकते हैं, जिसका उल्लेख उन्हें संबंधित ऑनलाइन फार्म में करना अवश्य होगा।

4- परीक्षा केन्द्र शहर का नाम परिवर्तन करने की तिथि **21 मई 2024 से 05 जून 2024 तक निर्धारित** है। परीक्षा केन्द्र शहर परिवर्तन करने हेतु ऑनलाइन लिंक को OTP पासवर्ड से जोड़ा गया है, परीक्षार्थी के मोबाइल में (जो वि0वि0 को उपलब्ध कराया गया है) एस0एम0एस0 (पासवर्ड) आयेगा उस पासवर्ड को अंकित करने के उपरांत ही परीक्षार्थी केवल ऑनलाइन लिंक के माध्यम से परीक्षा केन्द्र शहर परिवर्तन कर सकेगे।

5- दिव्यांग परीक्षार्थी परीक्षा समय अवधि व लेखन सहायक की सुविधा लेने हेतु परीक्षा दिवस से 07 दिन पूर्व समस्त आवश्यक प्रपत्रों के साथ आवेदन करें, जिससे संबंधित के परीक्षा केन्द्र को व्यवस्था हेतु सूचना प्रेषित की जा सके। अधिक जानकारी के लिए 05946-286022 या examination@uou.ac.in के माध्यम से या वि0वि0 आकर जानकारी प्राप्त कर सकते है। **(Government of India Ministry of Social Justice and Empowerment Department of Empowerment of Persons with Disabilities (Divyangjan) Dated: the 10th August, 2022 No. 29-6/2019-DD-III.) के क्रमानुसार।**

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाहीहेतु :

1. कुलपति महोदय के विशेष कार्याधिकारी को कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. समस्त क्षेत्रीय निदेशक,सहायक क्षेत्रीय निदेशक एवं समस्त अध्ययन केन्द्र उ0मु0वि0 को सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. आई0सी0टी0 अनुभाग को इस आशय के साथ कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वैबसाइट पर उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।
4. आर0एस0डी0 अनुभाग को इस आशय के साथ कि वह प्रतिलिपि सूचना के क्रम सं02 को ईमेल के माध्यम से प्रेषित करना सुनिश्चित करें।
5. कुलसचिव/ /जनसम्पर्क अधिकारी/लोक सूचना अनु0/समस्त वि0वि0 कार्मिक/सूचना पटल/सुरक्षा कार्मिकों को ईमेल से प्रेषित।
6. संबंधित पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक

20/05/2024